**गन्ने के मंडप के नीचे तुलसी संग परिणय सूत्र में बंधे शालिगराम, घर-घर में की गई माता लक्ष्मी सहित विष्णु की पूजा**

# निद्रा से जागे भगवान विष्णु, मांगलिक कार्य होंगे शुरू



**अनूपपुर नवभारत 1 नवंबर।** कार्तिक शुक्ल पक्ष एकादशी या देवउठनी एकादशी यानि भगवान विष्णु के निंद्रा से जागने का दिन के उपलक्ष्य में 1 नवम्बर शनिवार को जिलेभर में प्रबोधिनी या देवोत्थान एकादशी मनाई गई, वहीं उदयातिथि को मानने वाले कुछ लोग रविवार को देवोत्थान एकादशी मनायेंगे।

भगवान के आगमन की खुशी में माता लक्ष्मी सहित विष्णु की पूजा घर घर की गई। जिसमें भगवान विष्णु के जागने का आह्वान किया गया। माना जाता है कि इसी एकादशी को भगवान विष्णु चार मास के विश्राम के बाद जागे थें। इस अवसर पर लोगों ने जमकर आतिशबाजी भी की। देवउठनी एकादशी जिला मुख्यालय अनूपपुर सहित जैतहरी, चचाई, कोतमा, पसान, बिजुरी, रामनगर, राजनगर, अमरकंटक, राजेन्द्रग्राम सहित ग्रामीण क्षेत्रों में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

### महिलाओं ने रखा व्रत

महिलाओं ने निर्जला व्रत कर तुलसी विवाह किया तथा सुख-समृद्धि की कामना की। इस मौके पर बाजारों में सिंघाड़ा, गन्ना,सकला की जमकर खरीदारी हुई। पूरा बाजार गन्नों से अटा पड़ा रहा। शाम को महिलाओं ने एकादशी का व्रत करते हुए भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी का पूजन अर्जन करते हुए आह्वान किया, जहां परिवार की सुख समृद्धि का कामना की आशीष मांगा। मान्यता है कि आज के दिन ही मांगलिक कार्यों की शुरूआत होती है।

### भगवान विष्णु की पूजा से जन्म जन्मांतर के पाप समाप्त होते हैं

एकादशी पर भगवान विष्णु की पूजा से जन्म जन्मांतर के पाप समाप्त हो जाते हैं। व्रत करने से भगवान विष्णु और मां लक्ष्मी का आशीर्वाद प्राप्त होता है और घर में समृद्धि आती है। इस दिन भगवान विष्णु और मां लक्ष्मी के साथ इस दिन तुलसी का शालिग्राम के साथ परिणय सूत्र बांधा जाता है। देवउठनी एकादशी के दिन ही तुलसी विवाह किया जाता है। तुलसी पूजा से घर में संपन्नता आती है तथा संतान योग्य बनती है। इस दिन आंवला, सिंघाड़े का भोग लगाया जाता है।

### श्रद्धालुओं ने नर्मदा कुंड में किया दीपदान

कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी को प्रबोधिनी या देवोत्थान एकादशी के रूप में मनाने की परम्परा हैं इस अवसर पर अमरकंटक मंदिर में विषेश साज सज्जाद की गई। पूरी मंदिर में दीयो की रोशनी से जगमग रहा। बाहर से आए श्रद्धालुओं व नगर की महिलाओं ने मां नर्मदा कुंड में दीप दान कर मां नर्मदा से अपने परिवार की सुख समृद्धि की कामना लिए प्रार्थना की। नगर की महिलाएं घर पहुंचकर तुलसी विवाह का पूजन अर्चन कर पुण्य लाभ अर्जित किए।

## साढे चौदह तोला गोल्ड समेत 7 लाख नगद ले गए चोर

**जबलपुर।** गोसलपुर थाना अंतर्गत कैथरा में चोरों ने किसान के घर में धावा बोलते हुए साढे चौदह तोला गोल्ड समेत 7 लाख नगद और चांदी के जेवरात चुराकर ले गए। पुलिस ने रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर पतासाजी शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि शुक्रवार को अवधेश पटेल 37 वर्ष निवासी कैथरा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि किसानी करता है कल रात उसके पिता हरदास पटेल घर में सो रहे थे रात लगभग 12 बजे निस्तार करने के बाद फिर से बिस्तर पर जाकर सो गये थे रात लगभग 2-30 बजे अचानक खटखट की आवाज कमरे से आयी तो पिता की नींद खुली पिता जी ने अंदर का दरवाज खोले तो अंदर से चटकनी लगी थी पिता चोर चोर चिल्लाते हुये छत पर गये उसी समय कोई अज्ञात व्यक्ति उन्हें छत की तरफ भागते दिखा और कूदकर भाग गया फिर पिता ने फोन कर उसे बताया, उस समय वह सिहोरा वाले घर में था वह रात में अपने घर आया अंदर जाकर कमरे में देखा कमरे में रखी आलमारी का लाक टूटा था सामान फैला था पेटी उठाकर पटैहा के उपर ले जाकर लाक तौड़कर सामान फैलाये चैक करने पर सोने का झाला, दो माला, अंगूठी, पंचाली, टाप्स, दो हार, एक लोंग, कुल सोने के जेवर लगभग साढे चौदह तोला, चांदी के 1 किलो वजनी छल्ला कड्डोरा , 1 जोड़ी पायल 15 तोला, 1 जोड़ी पायल 6 तोला, 6 चूड़ी नगदी 7 लाख रूपये आलमारी एवं पेटी में रखे थे कोई अज्ञात चोर रात में घर में घुसकर आलमारी एवं पेटी का ताला तोड़कर जेवर एवं नगदी चोरी कर ले गया है।




# बगैहा टोला में 15 वर्षीय नाबालिग से दुष्कर्म

**7 माह की गर्भवती होने पर हुआ खुलासा, आरोपी पर मामला दर्ज**

**कोतमा नवभारत 1 नवंबर।** कोतमा थाना क्षेत्र के बगैहा टोला ग्राम पंचायत से एक बेहद शर्मसार कर देने वाला और इंसानियत को झकझोर देने वाला मामला सामने आया है। यहां एक 15 वर्षीय नाबालिग छात्रा के साथ दुष्कर्म की घटना उजागर हुई है।

यह मामला तब प्रकाश में आया जब युवती के पेट में अचानक तेज दर्द शुरू हुआ। परिजनों ने तत्काल उसे इलाज के लिए जिला चिकित्सालय, अनूपपुर पहुंचाया। अस्पताल में डॉक्टरों की जांच के दौरान जो खुलासा हुआ, उसने सभी को चौंका दिया। डॉक्टरों ने परिजनों को बताया कि नाबालिग युवती 7 माह की गर्भवती है।

### परिजनों के होश उड़ गए

डॉक्टरों के इस बड़े खुलासे के बाद परिजनों के होश उड़ गए और उन्होंने तुरंत इस गंभीर मामले में सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। परिजनों ने तुरंत कोतमा थाना पहुंचकर आरोपी युवक श्यामू प्रजापति निवासी बगैहा टोला के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से इस घिनौने कृत्य के लिए आरोपी के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने की बात कही है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आरोपी युवक श्यामू प्रजापति के विरुद्ध पास्को एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध कर लिया है। पुलिस आरोपी की तलाश में जुट गई है।

### इनका कहना है

शिकायतकर्ता की शिकायत पर आरोपी श्यामू प्रजापति निवासी बगैहा टोला के विरुद्ध मामला पंजीबद्ध कर लिया गया है। आरोपी को शीघ्र गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

**रत्नांबार शुक्ला, थाना प्रभारी, कोतमा**

## एक नजर में

### रामभद्राचार्य का सनातन प्रेमियों ने लिया आशीर्वाद



**अनूपपुर नवभारत** 1 नवंबर। जिला मुख्यालय में शुक्रवार रात जगतगुरु रामानंदाचार्य स्वामी रामभद्राचार्य महाराज छत्तीसगढ़ के गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले में भागवत कथा संपन्न कर अयोध्या लौटते समय अल्प प्रवास पर रुके। इस दौरान सनातन प्रेमियों ने उनका स्वागत कर आशीर्वाद लिया। जानकारी के अनुसार, 25 से 31 अक्टूबर तक पेंड्रा नगर के स्कूल मैदान में सात दिवसीय भागवत कथा का आयोजन किया था। पेंड्रा में कथा संपन्न करने के सड़क मार्ग से जगतगुरु रामभद्राचार्य महाराज देर रात अयोध्या के लिए प्रस्थान कर रहे थे। इस बात की जानकारी अनूपपुर के लोगों को लगी तो सनातन प्रेमियों ने उन्हे रोका जहां उन्होंने अल्प विश्राम किया। इस दौरान अनूपपुर के लोगों ने उनका स्नेहपूर्ण स्वागत किया और आशीर्वाद लिया। महाराज थोड़ी देर विश्राम के बाद अपनी वैन से अयोध्या के लिए रवाना हुए।



### सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**चार और दो पहिया वाहन की आमने-सामने टक्कर**




**अनूपपुर 1 नवंबर।** जिले के भालूमाड़ा थाना अंतगर्त शनिवार की रात 8 बजे बदरा-जमुना तिराहा पर चार पहिया वाहन और दो पहिया वाहन की आमने-सामने से जोरदार टक्कर हो गई, जिसमे दो पहिया वाहन चालक युवक की मौके पर ही मृत्यु हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी भीषण थी कि दो पहिया वाहन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। थाना प्रभारी बिपुल शुक्ला ने बताया कि घटना रात्रि 8 बजे 30 वर्षीय रूपेश साहू कोतमा से अपने दो पहिया वाहन से आ रहा था सामने से कार क्रमांक सीजी 16 सीबी 0287 अनूपपुर तरफ से आ रहीं थी। बदरा-जमुना तिराहा के पास दोनो में जबरदस्त टक्कर हो गई। इस दुघर्टना में रूपेश साहू निवासी भालूमाडा की मौके पर ही मृत्यु हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा तथा दुर्घटना में शामिल वाहनों को जब्त कर जांच प्रारंभ कर दी है।

### बरगी में बेखौफ लुटेरों की गैंग ने चार को लूटा

**जबलपुर।** बरगी में बेखौफ लुटेरों की गैंग ने जमकर उपद्रव मचाया। चार राहगीरों को रोकने के बाद चाकू अड़ाने के साथ उनके साथ मारपीट की। इसके बाद बाइक, नगदी, मोबाइलों, को लूटकर फरार हो गए। एक साथ ही चार लूटपाट के बाद हड़कंप मच गया है। पुलिस ने रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

बरगी थाना प्रभारी उप पुलिस अधीक्षक हेमन्त कुमार ने बताया कि शुक्रवार को हेमंत बर्मन 42 वर्ष निवासी ग्राम रैपुरा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि खेती बाड़ी सब्जी का काम करता है। सुबह 4 बजे अपने घर से मैथी की भाजी (सब्जी) लेकर जबलपुर सब्जी मंडी अपनी स्कूटी एक्सेस नम्बर एमपी जेड यू 5474 से जा रहा था जैसे ही बरगी रेस्ट एरिया पार किया पीछे से एक मोटर सायकिल में तीन लड़के आये और उसकी गाड़ी के सामने मोटर सायकिल लगाई तीनों लड़को ने धमकाया, झूमाझामी करने लगे उनमे से एक लड़के ने उसका मोबाइल एवं बाइक छीनककर जबलपुर तरफभाग गये। हरिओम कुलस्ते 48 वर्ष निवासी ग्राम तिन्सा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि मैथी भाजी को बोरी में भरकर अपनी प्लेटिना मोटर सायकल क्रमांक एमपी 20 जेड एस 2523 में पीछे बांधकर शुक्रवार सुबह लगभग 4-30 बजे सब्जी मंडी जबलपुर बेचने के लिये निकला था लगभग 5-10 बजे के पहले नागपुर जबलपुर एनएच 34 रोड़ चुरिया पोल्ट्री फार्म के सामने बरगी पहुॅचा तभी पीछे से एक मोटर सायकल में सवार तीन लड़के आये जो उसे ओवरटेक कर रोक लिये और तीनों मोटर सायकल से उतरे एक लड़के ने उसके गर्दन में चाकू अड़ा लिया दूसरा लड़का गाल में थप्पड़ मारने लगा, तीसरे लड़के ने उसकी जेब में हाथ डालकर उसके पैसे एवं मोबाइल निकाल लिये तो वह मोटर सायकल से उतरा तो तीनों लड़के उसके साथ मारपीट करने लगे और उसकी मोटर सायकल क्रमांक एमपी 20 जेडएस 2523 को छुड़ा लिये।

## दीपक बने मध्य प्रदेश कर्मचारी कांग्रेस के जिलाध्यक्ष



**कोतमा नवभारत 1 नवंबर।** कर्मचारी हितों के लिए लगातार संघर्ष करने वाले मध्य प्रदेश कर्मचारी कांग्रेस के संरक्षक वीरेंद्र खोंगल की सहमति से प्रांताध्यक्ष सुरेंद्र निगम ने शिक्षकों के हितों के लिए हमेशा तत्पर रहने वाले माध्यमिक शिक्षक दीपक तिवारी को अनूपपुर का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। दीपक तिवारी शिक्षक सेवा में नियुक्ति के समय से ही कर्मचारियों के हितों के लिए संघर्ष करते रहे है एवं पूर्व में भी कर्मचारी कांग्रेस के जिलाध्यक्ष रह चुके है। इनकी नियुक्ति से कर्मचारियों में हर्ष व्याप्त है।

# छात्रों ने किया एसईसीएल कार्यालय का घेराव




**बस सुविधा की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन, प्रबंधन पर लगाया लापरवाही का आरोप**

**अनूपपुर, नवभारत।** राजनगर क्षेत्र में शिक्षा व्यवस्था की लापरवाही से आक्रोशित शासकीय विद्यालय एवं शासकीय महाविद्यालय राजनगर के छात्र-छात्राओं ने बुधवार को एसईसीएल के उप क्षेत्रीय प्रबंधक कार्यालय का घेराव कर विरोध प्रदर्शन किया।

छात्रों ने प्रबंधन पर परिवहन सुविधा में गंभीर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि बार-बार पत्राचार के बावजूद आज तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। छात्रों का कहना है कि एसईसीएल प्रबंधन द्वारा पहले से विद्यालय के लिए बस सुविधा उपलब्ध कराई गई थी, लेकिन वह बस केवल पुराने विद्यालय भवन तक ही आती है। वर्तमान में विद्यालय एवं महाविद्यालय का नया भवन पुराने भवन से करीब चार किलोमीटर दूर बनाया गया है, जिससे छात्रों को रोजाना लगभग आठ किलोमीटर पैदल आना-जाना पड़ता है।

### स्कूल पहुंचने में हो जाती हैं देर

छात्राओं ने बताया कि इतनी दूरी तय करने के कारण स्कूल पहुंचने में देर हो जाती हैं, जिससे कई विषयों की कक्षाएं छूट जाती हैं। वहीं लगातार पैदल चलने से बारिश और धूप में स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल असर पड़ रहा है। कई बार प्रबंधक को लिखित शिकायतें एवं आवेदन पत्र देने के बाद भी जब कोई कार्रवाई नहीं हुई, तो छात्र-छात्राओं ने विवश होकर आज उप क्षेत्रीय प्रबंधक कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा और बस सुविधा तुरंत बहाल करने की मांग की।

### बस सुविधा उपलब्ध कराने का दिया आश्वासन

प्रबंधन ने मौके पर छात्रों को आश्वासन दिया कि सोमवार से विद्यालय एवं महाविद्यालय के नए भवन तक बस सुविधा उपलब्ध करा दी जाएगी। हालांकि छात्रों ने चेतावनी दी है कि यदि सोमवार तक मांगें पूरी नहीं की गईं तो वे उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे, जिसकी समस्त जिम्मेदारी प्रबंधन की होगी। छात्रों अपनी मांगों को लेकर सबेरिया ऑफिस का घेराव किया जिसमें धर्मेंद्र तिवारी अगुवाई में किया गया।

# पटेल ने रियासतों को एक सूत्र में पिरोया : जायसवाल

**राष्ट्रीय एकता दिवस पर रन फॉर यूनिटी का आयोजन, एकता, स्वास्थ्य व फिटनेस का लिया संकल्प**



**अनूपपुर, नवभारत ।** लौह पुरुष भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर शुक्रवार को जिले में राष्ट्रीय एकता दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर रन फॉर यूनिटी और राष्ट्रीय एकता दिवस शपथ समारोह का आयोजन पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर में किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश शासन के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री दिलीप जायसवाल ने कहा कि जब भारत 1947 में स्वतंत्र हुआ, तब देश के सामने 565 से अधिक रियासतों के एकीकरण की चुनौती थी। सरदार वल्लभभाई पटेल ने अपनी अदम्य इच्छाशक्ति, दूरदर्शिता और कूटनीतिक समझ के बल पर सभी रियासतों को एक सूत्र में पिरोकर एक मजबूत और एकीकृत भारत की नींव रखी।

### राष्ट्रीय एकता दिवस की दिलाई शपथ

श्री जायसवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में देश और प्रदेश 2047 तक आत्मनिर्भर, समृद्ध और विकसित भारत के निर्माण की दिशा में अग्रसर हैं। वर्ष 2014 से पूर्व भारत विश्व की 12वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था था, जो अब 2025 में चौथे स्थान पर है, और 2027 तक तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। राज्यमंत्री ने उपस्थितों को राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ दिलाई।

### रन फॉर यूनिटी को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

राज्यमंत्री श्री जायसवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रीति सिंह और कलेक्टर हर्षल पंचोली ने रन फॉर यूनिटी को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह दौड़ शासकीय तुलसी महाविद्यालय से प्रारंभ होकर जिला न्यायालय, तहसील कार्यालय होते हुए इंदिरा तिराहा तक निकाली गई, जहां इसका समापन हुआ।



## महिलाओं ने किया आंवला पूजन

**राजनगर,नवभारत।** हसदेव क्षेत्र अंतर्गत राजनगर शिव मंदिर गेस्ट हाउस के सामने कार्तिक मास की शुक्ल नवमी तिथि पर गुरुवार को आंवला नवमी का पर्व श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया गया। सुबह से ही मंदिरों और घरों में महिलाओं ने व्रत रखकर भगवान विष्णु और आंवले के वृक्ष की पूजा-अर्चना की। महिलाओं ने आंवले के वृक्ष के नीचे बैठकर पूजा की, कथा सुनी और परिक्रमा की। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने दीप जलाए और भगवान विष्णु को तुलसी दल तथा आंवले के फल अर्पित किए। पूजा के बाद महिलाओं ने परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिरों में भजन-कीर्तन और सत्संग का भी आयोजन हुआ। शाम को श्रद्धालुओं ने दीपदान कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

**मुआवजा की मांग ▶ किसानों को भारी आर्थिक नुकसान की आशंका**

# बेमौसम बारिश से धान की फसल चौपट, खेतों में भरा पानी





**अनूपपुर नवभारत 1 नवंबर।** जिले में बीते कई दिनों से लगातार हो रही बेमौसम बारिश ने किसानों की कमर तोड़ दी है। लगातार रुक-रुक कर बरस रहे बादलों से धान की फसलें खेतों में ही खराब हो रही हैं, खेतों में पानी भर जाने से फसलें सड़ने लगी हैं, जिससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा है।

अचानक हुई वर्षा ने उन किसानों के सामने संकट खड़ा कर दिया है, जो पूरे साल की मेहनत के बाद अब फसल की कटाई की तैयारी में थे। कई किसानों ने बताया कि इस समय धान की फसल पकने की स्थिति में थी, ऐसे में लगातार बारिश ने खेतों में पानी भर जाने से कटाई असंभव बना दी है. खेतों में गिरी फसलें अब सड़ने लगी हैं और धान की गुणवत्ता पर भी बुरा असर पड़ रहा है।

### पूर्व कांग्रेस जिला अध्यक्ष ने जताई चिंता

किसानों की इस गंभीर समस्या को देखते हुए अनूपपुर पूर्व कांग्रेस जिला अध्यक्ष रमेश सिंह ने चिंता जताते हुए कलेक्टर को पत्र लिखकर तत्काल राहत और मुआवजे की मांग की है। उन्होंने प्रभावित क्षेत्रों का तत्काल सर्वे कराकर नुकसान का आकलन करने और किसानों को मुआवजा दिलाने की प्रक्रिया प्रारंभ करने की बात कहीं हैं। पूर्व कांग्रेस जिला अध्यक्ष ने अपने पत्र में उल्लेख किया कि क्षेत्र के अधिकांश किसान धान की खेती के अलावा कुछ किसानों ने सोयाबीन की फसल लगाई थी। बेमौसम बारिश के कारण उनकी सालभर की मेहनत पर पानी फिर गया है।

### राहत राशि दी जाए

पूर्व कांग्रेस जिला अध्यक्ष की इस पहल का किसान संगठनों ने स्वागत किया है। किसान नेताओं ने कहा कि बारिश से कई गांवों में फसलें पूरी तरह से नष्ट हो गई हैं और किसानों की आर्थिक स्थिति बिगड़ गई है, ऐसे में सरकार को जल्द से जल्द राहत राशि प्रदान करनी चाहिए, ताकि किसान फिर से खेती के लिए तैयार हो सकें।

### आर्थिक संकट गहराने की आशंका

मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में भी हल्की बारिश की संभावना जताई गई है, जिससे किसानों की चिंता और बढ़ गई है। यदि जल्द धूप नहीं निकली तो खेतों में खड़ी फसलें पूरी तरह सड़ सकती हैं। इससे न केवल किसानों की आर्थिक स्थिति पर असर पड़ेगा, बल्कि क्षेत्र की धान उत्पादन क्षमता भी प्रभावित होगी।